दिनांक 16.09.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# 17 सितम्बर को आवास दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के व्यापक जन–जागरूकता के उद्देश्य से 04 सितम्बर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक ''अंगीकार 2025'' अभियान की शुरूवात किया गया है। ''अंगीकार 2025'' अभियान के तहत 17 सितम्बर 2025 को ''आवास दिवस'' के रूप में मनाया जाना है। उक्त कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्ण आवासो के हितग्राहियों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ''गृह प्रवेश'' कार्यक्रम डॉ भीमराव अम्बेडकर मांगलिक भवन, बैकुण्ठधाम, संतोषी नगर वार्ड 33 में प्रातः 9.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में शासन की अन्य योजनाओं का भी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतः नगर निगम भिलाई शहर के आम नागरिको से अपील करती है कि उक्त तिथि में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठावें।